हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 3 नवंबर 2025

06 आदिवासी समाजजन आदित्य की हत्या के ....



08 चेस के रैपिड फायर राउंड, 4 राउंड में 68 खिलाड़ियों ...





### सोहागपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों की मांग- सोहागपुर रेलवे स्टेशन बने 'अमृत स्टेशन'

# पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा में सम्मिलित मढ़ई, हवाई पर्यटन से खुलेंगे विकास के द्वार

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई जोन तक पर्यटक हेलीकॉप्टर से आ सकेंगे। इसकी घोषणा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की है। और अब क्षेत्रीय विकास की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। इसके साथ ही सोहागपुर रेलवे स्टेशन की मांग भी उठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के करीब स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई जोन तक पर्यटक हेलीकॉप्टर से आ सकेंगे। इसकी घोषणा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की है। और अब क्षेत्रीय विकास की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। पीएम श्री हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा की इस घोषणा के होने के साथ ही सोहागपुर क्षेत्र में जनचर्चा है कि मढ़ई तक हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्र के समग्र विकास के द्वार खुल सकेंगे। इसमें व्यवसायगत विकास, मार्ग विकास व आर्थिक विकास शामिल हैं। जनता के अनुसार मढ़ई शहर सोहागपुर से लगभग 20 किमी दूर स्थित है, जहां हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा प्रारंभ होने से विधानसभा क्षेत्र को लाभ मिलेगा। नागरिकों के अनुसार वैसे तो बड़ी संख्या में पर्यटक मढ़ई आते-जाते हैंहे, लेकिन लीकॉप्टर सेवा एक नए किस्म की सेवा होगी, जिसका प्रभाव भी क्षेत्र के विकास के लिये अलग तरह से सामने आ सकता है।

**सांसद बोले... "केंद्र सरकार के समक्ष रखी है सोहागपुर को अमृत स्टेशन घोषित करने की मांग**



### बना है लोनिवि का हेलिपैड

उल्लेखनीय है कि स्टेट हाईवे से निभोरा-कामती-मढ़ई मार्ग पर एक हेलिपैड पहले से ही बना हुआ है। बीजाखारी ग्राम के क्षेत्र में यह हेलिपैड डामरीकृत सड़क से कुछ मीटर की दूरी पर ही बना हुआ है। लोनिवि ने यह हेलिपैड 10 वर्ष पहले ही सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह की पहल पर बनाया था। हेलीपैड सोहागपुर से 16 किमी व मढ़ई क्षेत्र से लगभग तीन किलोमीटर दूर है। अतः मढ़ई तक पीएम श्री हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा के लिए हेलीपैड की सुविधा अलग से देने की आवश्यकता नहीं होगी। और संभवतः हेलीपैड सुविधा के चलते मढ़ई को हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा में सम्मिलित किया गया है। इधर घोषणा के तुरंत बाद लोक निर्माण विभाग ने हेलीपैड के आसपास सफाई कार्य किया है।

### अब बना दो 'अमृत स्टेशन'

इधर सोहागपुरके निवासियों का कहना है कि नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में सोहागपुर रेलवे स्टेशन वह प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जिससे विश्व प्रसिद्ध टूरिस्ट जोन मढ़ई सबसे करीब है। तथा दुर्भाग्यपूर्ण है कि सोहागपुर को अब तक केंद्र सरकार की अमृत स्टेशन योजना में सम्मिलित नहीं किया गया है। यदि सोहागपुर अमृत स्टेशन घोषित होता है तो विविध ट्रेनों के स्टॉपेज मिलेंगे। जिससे सोहागपुर क्षेत्र की पहुंच मध्य प्रदेश ही नहीं अपितु देश के कई बड़े शहरों तक बन जाएगी। फिलहाल रेल सेवा मामले में सोहागपुर विस पिछड़ी मानी जाती है, जहां बहुत कम ट्रेनों के स्टॉपेज हैं।

### बढ़ी अपेक्षाएं

वरिष्ठ भाजपाई अभय खंडेलवाल के अनुसार सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक विजयपाल सिंह की जुगलबंदी से सोहागपुर शीघ्र अमृत स्टेशन बनेगा। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने कहा कि भोपाल से मढ़ई तक हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा शुरू होने पर क्षेत्र को पर्यटन स्टेशन का दर्जा मिलेगा। इसके अलावा भाजपा सोहागपुर मंडल प्रतिनिधि सहित सभी भाजपाईयों ने जल्द ही अमृत स्टेशन मिलने की संभावना जताई है।

### रखी है मांग

मैंने केंद्र सरकार से विश्वास के साथ सोहागपुर को अमृत स्टेशन बनाने की मांग की है। विश्वास इस बात का कि मोदी सरकार जनविकास को प्राथमिकता देती है। हम क्षेत्रवासियों की यह अपेक्षा भी केंद्र की मोदी सरकार पूर्ण करेगी।

**दर्शन सिंह चौधरी, सांसद**

## मौसम में आया बदलाव, सुबह गिरा पानी दिन भर तपी धूप

**आने वाले दिनों में हो सकती है बारिश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में रविवार को एक बार फिर से मौसम में बदलाव हुआ। सुबह 6 बजे से कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई, और पूरे जिले में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने जिले में अगले दो दिनों तक बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

### तापमान में उतार-चढ़ाव ठंडक नहीं

मौसम में इस बदलाव से तापमान में भी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। शनिवार को दोपहर का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि एक दिन पहले यह 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। रात के तापमान में भी 0.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़त हुई है। बादल छाए रहने के कारण वातावरण में ठंड महसूस नहीं हो रही है।

### अब तक 1445 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में अब तक 1445.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1310.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 30,अक्टूबर से 31,अक्टूबर,2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 09 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 12.0 मिलीमीटर, इटारसी 9.8 मिलीमीटर,माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर,पिपरिया में 16.2 मिलीमीटर, बनखेड़ी में36.8 मिलीमीटर, पचमढ़ी में13.3 एवं तहसील डोलरिया 5.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

## कार्यपालिक दंडाधिकारियों व अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवंबर माह में 5 नवबर को गुरुनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा, को बिरसा मुण्डा जयंती, 20 नवंबर को स्नान दान पूर्णिमा के अवसर पर अपने-अपने अनुविभाग स्तर अंतर्गत उल्लेखित त्योहार स्नान पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम राजीव रंजन पांडे ने कार्यपालिक दण्ड अधिकारियों/अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। जारी आदेशानुसार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पांडे ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी इटारसी निलेश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी आकिप खान (आई.ए.एस.), अनुविभागीय दण्डाधिकारी प्रियंका भल्लावी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी जय सोलंकी, सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी मालवा विजय राय को अपने अपने संपूर्ण अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले घाट स्थलों पर कार्यपालिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौपा है।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 हेतु बीएलओ प्रशिक्षण किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के संबंध में जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बीएलओ को बीएलओ एप, मतदाता गणना प्रपत्र, मतदाताओं की जानकारी प्रपत्र में अद्यतन किए जाने के संबंध में विशेष रूप से क्रमबद्ध तरीके से समझाया गया। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भी अपनी सहभागिता दी और समस्त बीएलओ की जिज्ञासाओं का समाधान किया। अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे एवं एसडीएम निलेश शर्मा के मार्गदर्शन में विधानसभा बीएलओ का प्रशिक्षण ऑडिटोरियम इटारसी में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र पिपरिया अंतर्गत बीएलओ प्रशिक्षण शासकीय कन्या छात्रावास पिपरिया में आयोजित हुआ, जिसमें निर्वाचन संबंधी कार्यप्रणाली की चरणबद्ध जानकारी प्रदान की गई।

सिवनी मालवा में एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त एईआरओ और मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति में बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया 2025 के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। गर्ल्स कॉलेज नर्मदापुरम में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे द्वारा उपस्थित बीएलओ को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया और सटीक डेटा संकलन की महत्ता पर बल दिया गया।

## नपाध्यक्ष के निर्देश पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान, नगर में की जा रही साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नगर में देव उठनी एकादशी पर लगी दुकानों से निकले कचरे को साफ करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा विशेष निर्देश दिए गए थे। उनके निर्देशों का पालन करते हुए रविवार को अलसुबह से ही विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नगर को क्लीन किया गया। जिसकी नागरिकों द्वारा मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। देवउठनी ग्यारस पर विशेष रूप से चले अभियान में गन्ना के कारण भारी तादाद में कचरा एकत्रित हो गया था। रात में सड़क किनारे भारी मात्रा में एकत्रित हुए कचरे के कारण नागरिकों को बेहद परेशानी हो रही थी। जिसे देखते हुए नपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया है कि सुबह रविवारीय हाट बाजार है, इसे तत्काल साफ किया जाए। अलसुबह से चले स्वच्छता अभियान में समूचे नगर को द्रुतगति से सफाई कराई गई है।

## कांग्रेस संगठन को मजबूती देने पचमढ़ी में जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर शुरू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर रहे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



कांग्रेस संगठन की जमीनी शक्ति को सुदृढ़ करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करने के उद्देश्य से आज पचमढ़ी में जिला कांग्रेस अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भव्य उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण शिविर में प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने सहभागिता की और जिला अध्यक्षों को आगामी रणनीति पर मार्गदर्शन दिया।

### वरिष्ठ नेताओं ने किया मार्गदर्शनः

शिविर के उद्घाटन सत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के सचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) के सदस्य सचिन राव जी, तथा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार जी ने प्रमुख रूप से भाग लिया। इन वरिष्ठ नेताओं ने जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। नेताओं ने जिला अध्यक्षों से संगठन की रीढ़ के रूप में कार्य करने और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया।

### संगठन में नई ऊर्जा का संचार

शिविर का मुख्य लक्ष्य जिला अध्यक्षों को संगठनात्मक कौशल, समन्वय और प्रभावी संचार की बारीकियों से अवगत कराना है ताकि वे अपनी-अपनी इकाइयों में सक्रियता बढ़ा सकें। नेताओं ने जोर देकर कहा कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करना समय की मांग है, जिसके लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। यह शिविर आगामी चुनावों और संगठनात्मक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर कांग्रेस की रणनीति को तेज करने में मील का पत्थर साबित होगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला को मिली मदद

**नर्मदापुरम।** रविवार को जनपद पंचायत सोहागपुर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रशिक्षण हेतु जा रही नायब तहसीलदार, शोभापुर तहसील सुहागपुर नीरू जैन द्वारा मार्ग में हुई एक सड़क दुर्घटना में घायल महिला को तत्काल सहायता प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कविता पटेल, पति रामखिलावन पटेल, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी बोर्ना गुजर सेमरी हरचंद, तहसील सोहागपुर, का अचानक सोहागपुर बस स्टैंड मुख्य बाजार स्थित पलक मती पुल के पास सड़क दुर्घटना हो गया। घटना के पश्चात वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घटना स्थल से गुजर रहीं नायब तहसीलदार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपने शासकीय वाहन से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सोहागपुर पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गो रक्षा प्रमुख पर हुए हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गो रक्षा प्रमुख पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल एवं सर्व समाज ने ज्ञापन सौंपे हैं और आदतन आरोपियों पर बुलडोजर कार्यवाही और जुलूस निकालने की मांग रखी गई है आरोपियों पर कार्यवाही नहीं होने पर किया जाएगा आंदोलन। अपराधियों के ऊपर पहले से ही हाफ मर्डर के केस दर्ज हैं और पहले भी चाकू बाजी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं जिससे कि शहर का माहौल बिगड़ते जा रहा है। अखिल आर्यावत अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गोरक्षा प्रमुख जानलेवा हमले एवं शहर में बढ़ रही चाकू बाजी की घटनाओं को रोकने के लिए और एक ऐतिहासिक कार्यवाही के लिए आवेदन दिया है जिससे आगे ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

इस दौरान मांग की गई कि अपराधियों पर जान से करने का प्रयास करने की धारा पंजीबद्ध की जाए और धाराएं बधाई जाए। ज्ञापन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गौ रक्षा प्रमुख के सदस्य सहित नागरिक उपस्थित रहे।

## रेवा बनखेड़ी नर्मदा घाट तक दंडवत यात्रा पर निकले श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कार्तिक पूर्णिमा नर्मदांचल क्षेत्र में श्रद्धालुओं में पावन पर्व के रूप में मनाई जाती है। इस दिन क्षेत्र के अधिकांश श्रद्धालु मां नर्मदा में स्नान कर अपने आप को पावन करते हैं। इस दिन नर्मदा घाट पर भंडारों का आयोजन भी किया जाता है। सोहागपुर से दो श्रद्धालु भी इस पर्व पर विशेष धार्मिक गतिविधि कर रहे हैं। ये दोनों ही श्रद्धालु सोहागपुर से रेवा बनखेड़ी नर्मदा घाट तक दंडवत यात्रा करते हुए निकले हैं। नगर के सुभाष वार्ड निवासी दीपेश साहू और गोपाल वंशकार दूसरी बार यह सरें भरने की यात्रा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे कार्तिक पूर्णिमा के एक दिन पहले ही रेवा बनखेड़ी नर्मदा घाट पहुंच जाएंगे। जहां पर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर माँ नर्मदा में स्नान उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा आयोजन भी किया जाएगा।

**नरवाई प्रबंधन यंत्रों का उपयोग करें: एसडीएम**

## कस्टम हायरिंग केंद्र संचालकों के साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



एसडीएम कार्यालय पिपरिया में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार वि.ख. -पिपरिया एवम बनखेडी के कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों के साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में एसडीएम आकिप खान की अध्यक्षता में बैठक की गई।

एसडीएम द्वारा कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों को निर्देश दिये गये की अधिक से अधिक नरवाई प्रबंधन यंत्रों का उपयोग करें और स्वयं के ग्राम एवं आसपास के जरूरतमंद किसानों को भी यंत्र किराए से उपलब्ध कराये और नरवाई न जलाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जावे।

इस बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्या एवम कृषि अभियांत्रिकी से सहायक कृषि यंत्री सी० एस० बरकड़े की उपस्थिति भी रही। साथ ही एस. डी. एम. द्वारा कृषि अभियांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि नरवाई प्रबंधन यंत्र जेसे सुपर सीडर, स्लेशर, मल्चर, स्वचालित रीपर, रीपर कम बाइंडर, हेरेक, बेलर आदि मशीनों के प्रदर्शन ज्यादा से ज्यादा पिपरिया एवम बनखेड़ी क्षेत्र में करवाया जाये।

### बाल विवाह रोकथाम अभियान का आयोजन

**नर्मदापुरम।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत निरंतर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में बाल विवाह रोकथाम हेतु कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 20 में किया गया। इटारसी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं लायंस क्लब पंख के सामंजस्य से वार्ड क्रमांक 20 में बाल विवाह रोकथाम अभियान एवं महिलाओं के स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन हुआ।

जिसमें लाइंस क्लब पंख से लाइंस क्लब अध्यक्ष लायंस श्रीमती पूनम चेलानी, लायन हंगर डीसी ऋतु राजपूत, लायंस बीना तिवारी, लायंस हंगर डीसी बलजीत कौर शोखी, सचिव लायंस विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायंस शशि अग्रवाल एवं महिला एवं बाल विकास प्रभारी परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला उपस्थित रही।

## धूमधाम से मनाई देवोत्थान एकादशी, किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

देवोत्थान एकादशी का पर्व क्षेत्र में शनिवार को हर्ष, खुशी व उल्लास के साथ मनाया गया। नागरिकों ने शुभ मुहूर्त में भगवान शालिगराम एवं माता तुलसी का पूजन किया। इसके पूर्व गन्ने का मंडप बनाकर श्री कृष्ण व माता तुलसी विवाह कराकर उनका पूजन किया गया। इस दौरान प्रभु को बेर, भाजी एवं आंवला अर्पित किए गए।

साथ ही 'बेर, भाजी, आंवला- उठो देव सांवला' कहते हुए परिक्रमा की गई। जिसके बाद आतिशबाजी कर नागरिकों ने पर्व की खुशी मनाई।

## खबर संक्षेप

### डॉ. रानू वर्मा क्लास-वन मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदोन्नत



**बैतूल।** जिला अस्पताल बैतूल में लंबे समय से आरएमओ (रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर) के पद पर सेवाएँ दे रहे डॉ. रानू वर्मा को मेडिकल स्पेशलिस्ट क्लास वन पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर अस्पताल परिवार में हर्ष का माहौल है। पदोन्नति के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, डॉ. रूपेश पद्माकर, रक्तकोष अधिकारी डॉ. अंकिता सीते, कमलेश सातनकर, डा. रंजीत राठौर सहित अन्य चिकित्सक एवं अस्पताल स्टाफ ने डॉ. वर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. रानू वर्मा ने जिला अस्पताल में अपने कार्यकाल के दौरान सदैव मरीजों की सेवा को सर्वोपरि रखा है। वे अस्पताल में प्रत्येक मरीज के उपचार में तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हैं।

### आयुर्वेदिक शिविर में 50 से अधिक ग्रामीणों का हुआ उपचार

**बैतूल।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर के अवसर पर ओम आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय द्वारा बैतूल जिले के ग्राम बासपानी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य और खुशहाली की कल्पना के साथ ग्रामीणों को उपचार प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य को उत्तम बनाने की भावना के साथ किया गया, जिसमें ग्राम के लगभग 50 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगों का उपचार किया गया। जो रोग शिविर में उपचार योग्य नहीं थे, उन्हें विस्तृत उपचार के लिए ओम आयुर्वेदिक महाविद्यालय में आने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि महाविद्यालय द्वारा उनका संपूर्ण आयुर्वेदिक उपचार किया जा सके। यह स्वास्थ्य शिविर ओम आयुर्वेदिक महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष गणेश मालवी एवं कोषाध्यक्ष संतोष पाल के आदेशानुसार संचालित किया गया, जिसकी संपूर्ण रूपरेखा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राज कुमार मिश्रा द्वारा तैयार की गई थी। शिविर में डॉ अनंत वर्मा, डॉ अजय, डॉ रागिनी, डॉ स्नेहल तथा स्टॉफ नर्सों ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के साथ उचित उपचार उपलब्ध कराया।

### भावांतर योजना के लिए हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया

**बैतूल।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई भावांतर योजना-2025 के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी में मदद के लिये भावांतर हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ की गई है। हेल्पलाइन का दूरभाष नंबर 0755-2704555 है। योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए किसान, व्यापारी संगठनों, मंडी बोर्ड / मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए भावांतर हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है। यह हेल्पलाइन 30 अक्टूबर 2025 से निरंतर योजना अवधि तक कार्यरत रहेगी। हेल्पलाइन प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से रात्रि 11 बजे तक निरंतर कार्य करेगी। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए कोई भी किसान, व्यापारी अथवा संबंधित व्यक्ति हेल्पलाइन से संपर्क कर सकता है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किसानों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे भावांतर योजना का अधिक से अधिक लाभ लें तथा आवश्यक जानकारी के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करें।

### जिले में 1062.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1062.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1098.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 2 नवंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## मुलताई बंद का रहा मिला-जुला असर, थाने के सामने दो घंटे विरोध प्रदर्शन

# आदिवासी समाजजन आदित्य की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

आदिवासी युवक आदित्य टेकाम की हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों का आक्रोश सडक़ों पर दिखाई दिया। रैली और प्रदर्शन के माध्यम से आदिवासी नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों, मृतक आदित्य के हत्यारों को कड़ी सजा दी जाए और परिजनों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। प्रदर्शन के दौरान आदिवासी समाज ने मुलताई पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

जयस जिला अध्यक्ष संदीप धुर्वे, रमेश सरियाम, राजा धुर्वे, महेश उइके एवं मनोज उइके के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आदिवासी युवा और महिलाएँ थाना परिसर के सामने मुख्य मार्ग पर पहुँचे, जहाँ वे दो घंटे से अधिक समय तक बैठकर एसपी को मुलताई बुलाने की मांग करते रहे। इस दौरान एसडीओपी एके सिंह एवं एसडीएम राजीव कहार लगातार प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास करते रहे, किंतु सभी एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी आंदोलन स्थल पर पहुँची और आदिवासी समाज का ज्ञापन स्वीकार किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आदित्य के हत्यारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और परिजनों को सहायता राशि की अनुशंसा शीघ्र की जाएगी।

### मुलताई बंद का रहा मिला-जुला असर

हाल ही में बस स्टैंड क्षेत्र में हुई आदित्य टेकाम की हत्या के विरोध में आदिवासी समाज द्वारा आज घोषित मुलताई बंद का नगर में मिला-जुला असर रहा। बीती रात ही हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना सामने आने के बाद सुबह माना जा रहा था कि नगर में बंद का असर कम रहेगा। सुबह अधिकांश दुकानें खुली रहीं, किंतु बाद में आदिवासी संगठनों से जुड़े युवाओं ने नगर भ्रमण कर दुकानदारों से बंद में सहयोग की अपील की। इसके बाद बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक से लेकर नाका नंबर एक तक अधिकांश दुकानें बंद हो गईं। गांधी चौक में भी बाजार बंद रहा। इसके उपरांत सभी संगठन से जुड़े महिला-पुरुष कृषि उपज मंडी में एकत्र हुए, जहाँ से रैली के रूप में अंबेडकर चौक, फव्वारा चौक होते हुए थाना परिसर पहुँचे और ज्ञापन सौंपा।

### पारिवारिक सहायता हेतु एक करोड़ मुआवजे की मांग

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी को सौंपे गए ज्ञापन में आदिवासी संगठनों ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास, तथा आरोपियों को वयस्कों की तरह फांसी की सजा देने की मांग की। ज्ञापन में आदिवासी संगठनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र में केवल प्राथमिक उपचार की सुविधा है, पर्याप्त चिकित्सक और संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। उपचार में देरी के कारण आदित्य की मृत्यु हुई। संगठनों ने मांग की कि स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त डॉक्टरों की पदस्थापना की जाए और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएँ।

### चार आरोपी गिरफ्तार किए

हत्या के चार आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पीड़ित परिवार के मुआवजे के मामले में विभाग प्रकरण बनाकर आदिम जाति कल्याण विभाग को शीघ्र भेज रहा है, ताकि समिति पीड़ित को उचित मुआवजा उपलब्ध करा सके।

- कमला जोशी,
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला बैतूल

### नाबालिग से स्कॉर्पियो में सामूहिक दुष्कर्म

#### दो आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** आमला थाना इलाके में नौवीं कक्षा की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्रा स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रही थी, तभी 3 बदमाशों ने स्कॉर्पियो में लिफ्ट दी और फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस को संदिग्ध हालत में मिली पीड़िता की शिकायत पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि ड्राइवर फरार है। पीड़िता आमला रेलवे स्टेशन पर बैठी मिली थी। पूछताछ करने पर उसने आपबीती बताई। इसके बाद पीड़ित के परिजन को बुलाकर शनिवार रात को केस दर्ज कराया। एडिशनल एसपी कमला जोशी के मुताबिक, पीड़िता 31 अक्टूबर से लापता थी, लेकिन परिजन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी।

## भौंरा में बांधा रंगारंग समां

# आदिवासी विद्यार्थियों ने स्थापना दिवस पर दीं शानदार प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस के अवसर पर भौंरा स्थित शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास एवं शासकीय आदिवासी प्राथमिक कन्या आश्रम में उत्साहपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों छात्रावासों में रंग-बिरंगे परिधान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और छात्रों की प्रतिभा ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। प्राथमिक कन्या आश्रम में छात्राओं ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। मुख्यद्वार पर आकर्षक रंगोली सजाई गई, तत्पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत, नृत्य, समूहगान और भाषण प्रस्तुत किए।

वहीं सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एकल, युगल और सामूहिक नृत्य, आदिवासी एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति और हास्य नाटक ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया, सरपंच मीरा धुर्वे, जनपद सदस्य सुधीर नायक, जय किशोर मिश्रा, नरेंद्र राठौर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव, डॉ. सिकदार, उत्तम वर्मा, सुनील धुर्वे और राजेंद्र कावडक़र विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन अधीक्षिका आरती कावरे ने किया, जिन्होंने बालिकाओं की प्रस्तुतियों का जीवंत परिचय कराते हुए कार्यक्रम को ऊर्जा से भर दिया। वहीं सीनियर छात्रावास में अधीक्षक सीताराम धुर्वे ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और संगठन भावना का विकास करते हैं। बच्चों ने जो अनुशासन और प्रतिभा दिखाई, वह प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्थापना दिवस हमें प्रदेश की गौरवशाली परंपरा और आदिवासी संस्कृति की जड़ों से जोड़ता है। छात्रावासों में इस तरह के कार्यक्रम नई पीढ़ी में संस्कृति और अनुशासन के प्रति सम्मान का भाव जगाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों ने विजेता छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान कर प्रोत्साहित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। भौंरा के दोनों छात्रावास में स्थापना दिवस पर उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी विद्यार्थियों की कला, संस्कृति और आत्मविश्वास का जीवंत प्रदर्शन था। उसने साबित किया कि ग्रामीण अंचल के छात्र भी अवसर मिलने पर किसी से कम नहीं।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए सतपुड़ा वैली स्कूल के विद्यार्थी



**बैतूल।** सतपुड़ा वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बैतूल का नाम रोशन किया। स्कूल की बास्केटबॉल टीम अंडर-14 बालिका वर्ग की छात्राएं आर्ची पांडे, कनिका राठौर, वेदिका वर्मा और अमीशा सोनी ने शहडोल में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता की। वहीं खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में वैभव रघुवंशी ने भाग लिया। एथलेटिक्स में आयुष यादव ने सागर में सहभागिता की। सांस्कृतिक विधाओं में भी स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय कला महोत्सव में छात्रा आख्या श्रीवास्तव ने एकल गायन और तबला वादन में सर्वार्थ दुबे ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कैंब्रिज विंग की तोषिता चंदेल ने विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में सहभागिता कर स्कूल का मान बढ़ाया।

## देश की आठ टीमें खेलेंगी

# बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**बैतूल।** आगामी बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने एनसीए ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैदान की व्यवस्था, पिच की स्थिति और खिलाडिय़ों के लिए की जा रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर अंबेडकर वार्ड के पार्षद एवं नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट की व्यवस्थाओं को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती ताई बारस्कर से दूरभाष पर चर्चा की गई है। श्री राठौर ने कहा कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा मैदान की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हैं और जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। 9 से 14 नवंबर तक बैतूल में पहली बार आयोजित हो रहे इस राष्ट्रीय बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट में देशभर की आठ टीमें हिस्सा लेंगी।

## मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

# मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर आयुष विभाग ने लिया सेवा का संकल्प

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पूरे उल्लासपूर्वक मनाया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में माह नवंबर की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के समस्त संस्था प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी तथा होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला आयुष अधिकारी डॉ योगेश चौकीकर द्वारा निर्देश दिए गए, कि सभी अधिकारी एक्स ट्विटर पेज पर बैतूल कलेक्टर के अधिकृत पेज को फॉलो करें, ताकि शासन स्तर की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके। डॉ योगेश चौकीकर ने समस्त अधिकारियों को मुख्यालय में निवास करने तथा आगंतुकों के साथ सद्भावपूर्ण व्यवहार रखने के निर्देश दिए। जिले की सभी 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सामुदायिक चिकित्सा अधिकारियों को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने और एनएबीएच प्रोटोकॉल के पालन हेतु विशेष रूप से समझाइश दी गई।



# नुक्कड़ से मप्र के गौरवशाली इतिहास, धरोहर को बताया

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जेएच कॉलेज में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), भारतीय ज्ञान परंपरा, एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के समक्ष नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मप्र के गौरवशाली इतिहास, धरोहर एवं विकास यात्रा को बताया। जिसके बाद महाविद्यालय परिसर में



संगोष्ठी का आयोजन एनएसएस के जिला संघटक डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, एनसीसी अधिकारी डॉ.खुशाल देवघरे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सातनकर, प्रो.गीता माली, प्रो.राकेश पवार, प्रो.संतोष पवार, प्रो.शारदा द्विवेदी, डॉ.रश्मि अग्रवाल, डॉ.पंकज बारस्कर की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने कहा क मप्र प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है। इसे भारत का हृदय प्रदेश कहा जाता है। प्रो.शंकर सातनकर ने कहा कि मप्र की स्थापना 1 नवम्बर 1956 को हुई थी। और मप्र पर्यटन की दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। यहां विविध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर विद्यमान हैं। नुक्कड़ नाटक में आयुष, इस्तियाक अली, नितिन पवार, खुशी पारखे, खुशबू, खुशी, रानी, श्रुति, सदाशिव, विकास, नवीन, अमित तथा शीत सहित कुल 10 स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक हिमांशु पाटिल, अंजली नागोरे, दलनायक आयुष नागोरे, इश्तियाक अली, नितिन पवार, अमित, सदाशिव, खुशी पारखे, खुशबू, नवीन, खुशी सिरसाम, रानी, श्रुति सोनारे, भावना, भुवनेश्वरी, कविता तथा भूमिका सहित 100 स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

# जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर



**बैतूल।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर रविवार को रक्तदान एवं रक्त परीक्षण का कार्यक्रम जिला अस्पताल संपन्न हुआ। यह आयोजन कार सेवा में शहीद हुए हुतात्माओं की स्मृति को समर्पित था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को प्रबल बनाना था। इस अवसर पर प्रांत गौरक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे ने कहा कि कार सेवकों के बलिदान का संबंध हमारे जिले के भारत भारती से जुड़ा है क्योंकि भारत भारती के राम कुमार कोठारी और शरद कुमार कोठारी का नाम विद्यालय के स्कालर में दर्ज है और उन्होने अपना अध्ययन भारत भारती में विद्यालय में किया था। जिला अध्यक्ष जयदीप रूनवाल ने कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताया, क्योंकि इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। बजरंग दल हर वर्ष 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक देशभर में रक्तदान अभियान चलाता है, ताकि रक्त की कमी से किसी की मृत्यु न हो। चंचल राजपूत ने कहा कि रक्तदान केवल मानवीय कर्तव्य नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुरक्षा और संस्कार ही बजरंग दल का मूल मंत्र है, और इसी भावना से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य जारी रहेगा।

# बैतूल की बेटियों ने राज्य स्तरीय शालेय में 6 स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा



**बैतूल।** ग्राम भडूस की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने वेट लिफ्टिंग जैसे पॉवर गेम में अपना लोहा मनवाया है। यह निरंतर दूसरी बार है जब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इस स्कूल की 6 छात्राओं को गोल्ड मिला है। 69 वी राज्य स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता इंदौर में संपन्न हुई। जिसमें नर्मदापुरम संभाग की ओर से बैतूल जिले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भडूस की छात्राओं ने विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 6 स्वर्ण पदक प्राप्त कर चैम्पियनशिप जीती। खिलाडियों के कोच बलदेव अरोरा ने बताया कि अब ये छात्राएं नेशनल टूर्नामेंट के लिए 26 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक अरुणाचल प्रदेश के ईटा नगर में मप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। बालिका वर्ग में 17 वर्ष की टीम में 86 सदस्य होते हैं। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भडुस की 4 लड़कियां शामिल हैं। प्रतियोगिता में भडूस की जिन लड़कियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उनमें रेणुका रमेश साहू को 44 किग्रा में गोल्ड मेडल, पलक सुरेन्द्र परिहार को 48 किग्रा में गोल्ड मेडल, प्राची सुरेन्द्र परिहार को 53 किग्रा में गोल्ड मेडल, गरिमा महादेव कोसे को 58 किग्रा में गोल्ड मेडल, लक्ष्मी मुनेश साहू को 58 किग्रा में गोल्ड मेडल, रिविका भीम शर्मा को 69 किग्रा में गोल्ड मेडल, राधिका अशोक अमझरे को 63 किग्रा में ब्रॉन्ज मेडल, नंदिनी अशोक अमझरे को 63 किग्रा में ब्रॉन्ज मेडल, वंशिका हरीश पटेल को 77 किग्रा में ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

## समूचे अंचल में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी

# तुलसी का शालिग्राम संग विवाह संपन्न



**शाहपुर।** नगर परिषद के अंतर्गत खेड़ापति मंदिर के परिसर में गेंदा के फूल, गन्ने, बेर, भाजी, आंवला, फलों की सुंदर दुकानें लगाई गई। नागरिकों ने गन्ने तुलसी विवाह के लिए खरीदे। सभी ने शाम को अपने-अपने घरों में रंगोली बनाकर, तुलसी विवाह को हर्ष के साथ संपन्न किया। ग्राम सिलपटी में भी हर्ष के साथ तुलसी विवाह का पूजन किया गया। सभी ने अपने-अपने घर में गन्ने का मंडप बनाकर, गेंदा के फूल, बोर, भाजी, आंवला, कृष्णदेव सांवला लिखकर तुलसी विवाह संपन्न किया। बच्चे, बुजुर्ग सभी ने पटाखे व मिठाइयों का भरपूर आनंद प्राप्त किया।

### देवउठनी एकादशी से शुरू हुए शादी-ब्याह में बाल विवाहों की रोकथाम के लिए रहे सजग

**बैतूल।** देवउठनी एकादशी से शादी-विवाह की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिले में बाल विवाह के खिलाफ मुहिम चला रहे गैरसरकारी संगठन प्रदीपन ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी चि_ी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चौकसी की अपील की है, ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन (112), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) या स्थानीय थाने को सूचित करे ताकि इस अपराध को रोका जा सके। संगठन ने एक नवंबर से शुरू हुए शादी- ब्याह को देखते हुए जिला प्रशासन से सरपंचों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश देने की अपील की है। इसके साथ ही संगठन ने आज से ही गांवों और स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान को गति देने का फैसला करते हुए धार्मिक नेताओं से भी इस मौके पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है।



## किसानों ने विद्युत मण्डल में शीघ्र पदस्थ करने की मांग की

**सीहोर।** सीहोर जिले के विद्युत वितरण केंद्र बिलकिस गंज, बरखेड़ी के विद्युत मंडल के केन्द्र पर अधीक्षण यंत्री (महाप्रबंधक) पूनम तुमराम, कार्यपालन यंत्री (डीजीएम) सीहोर राजीव सिंह, प्रबधंक पाठक व बिलकिसगंज के विदाई समारोह में पहुंचे सभी विद्युत मण्डल के अधिकारियों से किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों गांव के किसानों ने सभी अधिकारियों के समक्ष अधीक्षण यंत्री पूनम तुमराम को लकड़ी का हल भेट कर बिलकिसगंज के अधिकारी शिवराम पाली के रिटायरमेंट होने पर अच्छे अधिकारी को पदस्थ करने हेतु किसानों ने अनूठे तरिके से दांडिया नाच कर मांग रखी। किसानों का कहना था कि बिलकिसगंज का जो विद्युत केन्द्र है, वह क्षेत्रफल की दृष्टि काफी फैला हुआ है, जो कि सीहोर शहर से कोलार डेम तक फैला हुआ है और जंगली ऐरिया भी लगा हुआ है, दूर-दूर बसे गांव हैं और स्टाफ की भी कमी है।

### जिम्मेदारों की अनदेखी और निर्माण की धीमी गति से परेशान ग्रामीण

# 4 साल से भी अधिक समय में नहीं आ सका ग्रामीणों के नलों में जल

समीपस्थ ग्राम झालौन मैं जल जीवन मिशन कार्य का भूमि पूजन होने के बाद अब तक घरों के सामने खड़े नल पानी आने की राह देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि योजना बेअसर हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद





समीपस्थ ग्राम झालौन मैं वर्ष 2020-2021 मैं जब जल जीवन मिशन कार्य का भूमि पूजन ग्राम झालौन में हुआ तब ग्राम वासियों को बड़ी उम्मीद थी की पीने के पानी के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा और उनके घर में ही नल के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था हो जाएगी परंतु आज 4 वर्ष बीतने के बाद भी घरों के सामने खड़े नल पानी आने की राह देख रहे हैं और ग्रामवासी पेय जल की सुविधा के लिए तरस रहे हैं।

झालौन में जल जीवन मिशन की स्थिति यह है केवल एक मोहल्ले में ही नल के माध्यम से पानी कभी-कभी ग्राम वासियों के नल तक पहुंच रहा है नया मोहल्ला की स्थिति यह है कि जल जीवन मिशन के प्रारंभ में कार्य जो काम हुआ था ठेकेदार ने वहीं से काम छोड़ दिया और सड़कों पर अनेक स्थानों पर मुंह खोलकर पाइप खड़े हैं नल के कनेक्शन तक नहीं हो पाए। जल जीवन मिशन की नाकामी संबंधित विभाग के अधिकारियों की नाकामी कहें या लापरवाही कहें जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हुआ जिसका खामियाजा ग्राम वासी भुगत रहे हैं क्योंकि प्रत्येक घर नल से जल पहुंचाने के नाम पर ठेकेदार द्वारा गांव की सड़कों का जो सत्यानाश किया है उससे ग्राम वासियों को सड़क पर चलने में भी परेशानी हो रही है।

इस संबंध में जब जल जीवन मिशन के ठेकेदार कमलेश कुमार से बात की गई ठेकेदार ने बताया वह अभी गांव आ गया है और मजदूर छुट्टी पर हैं तीन-चार दिन बाद आकर बताया कि स्थिति क्या है।

ग्राम झालौन के सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण पटेल ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत 4 वर्ष से गांव में नल से जल प्रत्येक घर में पहुंचाने का काम पूरा नहीं हो पाया है इस संबंध में सरपंच द्वारा अधूरे काम को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आवेदन दिया है परंतु आज दिनांक तक जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हुआ और ग्रामवासी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं।

ग्राम झालौन में करोड़ों की लागत से जनहितैषी जल जीवन मिशन योजना को ठेकेदार द्वारा पलीता लगाया जा रहा है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी सब लाचार हैं और वर्षों से जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा है अब देखना यह है कि ग्राम झालौन के ग्रामीणों को कब तक सुचारू रूप से पीने का पानी उपलब्ध होगा।

**इनका कहना है**

ग्राम झालौन में जल जीवन मिशन का कुछ काम बाकी रह गया है जल्द ही पूरा करवा दिया जावेगा।

**दर्शन सिंह धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय**

## महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव संचेती ने की पत्रकार वार्ता

### महिलाओं को लगे की आवाज़ सुनी जा रही है: संचेती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव एवं नर्मदापुरम जिले की संगठन सृजन प्रभारी रूपल संचेती ने रविवार को सुहाग मैरिज हाल में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। जिसमें नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा चावरे, पूर्व पार्षद साधना दुबे, पार्षद सीमा भदोरिया, वंदना ओझा, कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार उपस्थित रहे।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए रूपल संचेती ने कहा कि हाल ही में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा "संगठन सृजन अभियान" चलाया गया। जिसमें सभी जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया गया। और संगठन को नई दिशा व ऊर्जा दी गई। अब इसी कड़ी में महिला कांग्रेस द्वारा भी प्रदेशव्यापी संगठन सृजन अभियान प्रारंभ किया गया है।

इस अभियान का उद्देश्य है, महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना, संगठन में नई ऊर्जा और नेतृत्व तैयार करना, हर महिला कार्यकर्ता को अपने विचार और क्षमता के साथ आगे बढ़ने का अवसर देना।

संचेती ने कहा कि महिला कांग्रेस का यह अभियान केवल संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि महिलाओं की भागीदारी को राजनीति के केंद्र में लाने का एक सामाजिक संकल्प है। हमारा प्रयास रहेगा कि संगठन से लेकर समाज तक हर महिला को यह महसूस हो कि उसकी आवाज़ सुनी जा रही है।

## नप ने मप्र स्थापना दिवस पर किया दीपोत्सव आयोजन

### पलकमती नदी पर किया दीपों को रोशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर शनिवार शाम सोहागपुर नप ने आयोजन किया। इस दौरान नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल सहित पार्षदों व नपकर्मियों की उपस्थिति में पलकमती नदी घाट पर दीपोत्सव आयोजन किया गया। सभी ने पलकमती नदी के किलापुरा घाट पर एक नवंबर की शाम दीप रोशन कर मप्र स्थापना दिवस लिखा तथा एक दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी।

## विद्यालय एवं कॉलेजों में मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस, खेल स्पर्धाओं का हुआ आयोजन

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कृत हुए विद्यार्थी, प्राचार्य ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया




पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में आर एन ए विद्यालय परिसर में एं शहीद भगतसिंह कालेज में मध्य प्रदेश का स्थापनादवस के कार्यक्रम का आयोजनकिया गया।आर एन ए विद्यालय परिसर में खेल के आयोजन में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। तथा कालेज परिसर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया राष्ट्रगान एवं मध्य प्रदेश गान के सथ शुभारंभ किया गया प्रथम दिवसज्ञान प्रतियोगा प्रतियोग वादविवाद प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।16 विद्यार्थियों नेभाग लिया टीम विजेता रही। सभी को स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी एवं अन्य स्टाफ शामिल हुए।

### माखननगर में भी हुआ आयोजन

**माखन नगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में आज 70 वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ आई. एस. कनेश की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सेवा योजना , भारतीय ज्ञान परम्परा और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में आज से अगले तीन दिन तक महाविद्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## उपभोक्ता फोरम ने किया परिवारवाद निरस्त

**माखननगर।** खाद बीज विक्रेता विजय कुमार जैन निवासी माखननगर के विरुद्ध राकेश मीना आ. द्वारका प्रसाद मीना निवासी गोंदलवाड़ा द्वारा दिनांक 3 सितंबर 2024 को जिला नर्मदापुरम उपभोक्ता फोरम में 18 एकड़ में निर्मल बीज कंपनी की 166 किलो मूँग की बुआई करने पर फसल में फूल और फली नहीं आने से 12 लाख रु. की नुकसानी का परिवाद पेश किया गया था। दोष सिद्ध नहीं होने से प्रकरण के निराकरण में जिला नर्मदापुरम उपभोक्ता फोरम द्वारा 17 अक्टूबर 2025 को अपने 12 पेज के आदेश में राकेश मीना के परिवाद को निरस्त कर दिया गया। खाद बीज विक्रेता विजय कुमार जैन से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उनके द्वारा राकेश मीना ने भुगतान के लिए 27 मई 2024 का जो चैक दिया था, उसके बाउंस होने पर हमारे द्वारा दिये गए दिनांक 28अगस्त 2024 के रजिस्टर्ड नोटिस के मिलने के बाद उसने यह झूठा केस लगाया था जिससे इसके दवाब में हमारे द्वारा चैक बाउंस का केस न्यायालय में न लगाया जावे।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का आदिवासी परिषद ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटकुली ग्राम पंचायत में राजा भभूत सिंह जनजाति छात्रावास के पास चौराहे पर आदिवासी विकास परिषद के ब्लांक अध्यक्ष नीतीराज सिंह ठाकुर मनोज कुमार पंचम सिंह ठाकुर चंद्र शिवराम उईके राहुल उईकेने सहित लगभग 2दरजन लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद उमंग सिंगार का स्वागत किया गया था। याद रहे दोपहर 2बजे का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। लेकिन कांग्रेस जिस वीआइपी कल्चर के कारण आज सत्ता में नहीं है। लेकिन अभी तक वह कल्चर समाप्त नहीं हुआ है। जिसके कारण रात्रि 10बजे उमंग सिंगार सहित अन्य सैकड़ों लोगों ने मटकुली ग्राम पंचायत में आमद दी । फिर आदिवासी विकास परिषद के लोग शामिल हुए सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा पीला गमछा पहना कर स्वागत किया गया।

## युवाओं के साथ पार्क में सफाई अभियान का लिया संकल्प

### नपाध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों में किया सघन निरीक्षण, कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने रविवार को शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत 2.0 योजना के तहत बन रहे पार्क, सड़क निर्माण और नाली निर्माण कार्यों की प्रगति देखी तथा अधिकारियों और ठेकेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। अध्यक्ष ने सबसे पहले वार्ड क्रमांक 2 में अमृत 2.0 योजना के तहत बन रहे पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों से कहा कि पार्क का निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में जनवरी तक पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पार्क के तैयार हो जाने से क्षेत्र के नागरिकों को स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण का लाभ मिलेगा। नगरपालिका अध्यक्ष चौरे ने बताया कि उन्हें वार्ड क्रमांक 13 में वरिष्ठ पत्रकार पुनीत दुबे के निवास के सामने बने पार्क के पास रहने वाले युवाओं ने मुलाकात की और यहां सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से चर्चा की और कहा कि आने वाले रविवार को वे स्वयं युवाओं के साथ यहां पहुंचेंगे तथा श्रमदान कर सफाई अभियान चलाएंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी नगर की स्वच्छता में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि पूरे शहर में सफाई और जागरूकता का माहौल बने। अध्यक्ष चौरे ने आगे वार्ड क्रमांक 15 में 350 मीटर लंबी बन रही सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि नागरिकों को लंबे समय तक सुविधा मिल सके। इसी तरह वार्ड क्रमांक 24 में चल रहे नाली निर्माण कार्य का भी उन्होंने जायजा लिया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सहवाज बेग सहित अन्य स्थानीयजन मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों को समयसीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।4

## समेरिटंस स्कूल में केडिट्स ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**नर्मदापुरम।** 13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल एनसीसी केडिट्स ने कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रैली निकाली। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निकली गई रैली को संस्था निदेशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने रवाना किया। रैली का नेतृत्व सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय ने किया। रैली में केडिट्स हाथो में बैनर एवं देश भक्ति, राष्ट्रीय एकता के नारे लिखी तख्तियां लेकर चलते हुए नारे लगा रहे थे कि 'अनेकता में एकता यही है हमारे राष्ट्र की विशेषता।' इसके पूर्व संस्था निर्देशक ने एनसीसी केडिट्स को राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और देश के प्रति उनके योगदान की जानकारी दी।

## उच्च न्यायालय ने जेएनकेवीवी पर लगाया 50 हजार रुपए का जुर्माना, याचिकाकर्ता को मिलेगी नियुक्ति

### 26 मई को ड्राइवर के आरक्षित पद के इंटरव्यूह में नहीं हो पाए थे शामिल, दायर की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के खिलाफ दायर एक याचिका को स्वीकार करते हुए न केवल विश्वविद्यालय पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है, बल्कि यह भी आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता को ड्राइवर के आरक्षित पद पर नियुक्ति दी जाए, भले ही वर्तमान में पद खाली न हो।

विश्वविद्यालय ने 26 मई 2017 को जारी विज्ञापन के तहत 23 जून 2018 को ड्राइवर पद के लिए साक्षात्कार आयोजित किए थे। अधिवक्ता साहू ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता को इंटरव्यू का पत्र साक्षात्कार की तारीख (23 जून 2018) को ही प्राप्त हुआ, जिससे वह साक्षात्कार में शामिल नहीं हो सका।

बचाव में यूनिवर्सिटी ने तर्क दिया कि पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था, जिसे न्यायाधीश विवेक जैन ने स्वीकार नहीं किया।

उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय की 'बदनीयती और 'पसंदीदा उम्मीदवार के चयन की मंशा' को समझते हुए यह माना कि याचिकाकर्ता को निष्पक्ष अवसर से वंचित किया गया।

### नियुक्ति का आदेश

कोर्ट ने आदेश दिया कि याचिकाकर्ता सुरेश शाक्य को निष्पक्ष अवसर से वंचित करने के उपचार स्वरूप विश्वविद्यालय पद खाली न होने पर भी अतिरिक्त पद सृजित कर 15 दिन के भीतर साक्षात्कार आयोजित करे और उसे नियुक्ति प्रदान करे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 पर बैठक संपन्न

**भैरुंदा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (S.I.R.) 2025 के संबंध में आज दिनांक 1 नवम्बर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार सौरभ शर्मा ने की।बैठक में सभी राजनीतिक दलों के ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं परिशोधन कार्य पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान मतदान केंद्र स्तर पर बी.एल.ए. (Booth Level Agent) की नियुक्ति निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए जाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मतदाता सूची का गहन शुद्धिकरण पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जाएगा ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो।

### गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व का आयोजन

# 5 दिवसीय समागम शुरू, नगर कीर्तन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश उत्सव के पावन अवसर पर, इटारसी में भक्ति और उल्लास का माहौल शुरू हो गया है।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा 1 नवंबर से पांच दिवसीय विशाल धार्मिक समागमों का आगाज किया गया है, जो 05 नवंबर तक चलेंगे। प्रकाश पर्व की तैयारियां 15 अक्टूबर से ही शुरू हो गई थीं, जब शहर में श्रद्धापूर्वक प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। ये प्रभात फेरियां 02 नवंबर तक जारी रहेंगी।

### समापन और संदेश

पांच दिवसीय समागम की समाप्ति 05 नवंबर, बुधवार को होगी। इस दिन सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब जी का सम्पूर्ण भोग डाला जाएगा, जिसके बाद कीर्तन और कथा विचार होंगे। समागम का समापन दोपहर 12 बजे होगा फिर विशाल गुरु का अटूट लंगर होगा।आयोजकों ने बताया कि इन समागमों के माध्यम से गुरु नानक देव जी के मूल उपदेशों—किरत करनी (ईमानदारी से काम), नाम जपना (ईश्वर का स्मरण), और वंड छकना (बांटकर खाना)—को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, इटारसी ने सभी धर्मों के लोगों से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

### कीर्तन और कथा का विशेष आयोजन

समागमों के अंतिम चरण में, 04 नवंबर (मंगलवार) को पाठ रहरास साहिब जी के बाद विशेष दीवान सजाया जाएगा। इस दीवान में कीर्तन भाई जोगिंदर सिंह, भाई बलविंदर सिंह (समराला वाले) और भाई अजीत सिंह(हरदीप दुर्गा खालसा) जैसे प्रसिद्ध रागी जत्थे अपनी मधुर गुरुवाणी से संगत को निहाल करेंगे।

## नगर के श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में हुआ शालिगराम-तुलसी विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर के प्रतिष्ठित श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में 1971 से तुलसी शालिगराम विवाह का आयोजन होता रहा है। इस वर्ष भी यह विवाह धूमधाम से आयोजित किया गया। तुलसी के रूप में कुमारी सृष्टि मालवीय एवं शालिग्राम के रूप में कुमारी मेघा पटेल पात्र बनकर आई। पंडित सत्येंद्र पांडे एवं पंडित पीयूष पांडे ने तुलसी शालिगराम विवाह संपन्न कराया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, सचिव जितेंद्र अग्रवाल बबलू, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, सुरेंद्र राजपूत सोनी, घनश्याम तिवारी, उदित दुबे, संकल्प मौर्य सहित महिला श्रद्धालु भी मौजूद थी। तुलसी शालिग्राम विवाह के अवसर पर जोरदार आतिशबाजी की गई एवं बारातियों के स्वागत सहित मिष्ठान वितरण किया गया।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग नर्मदापुरम्**

// आम सूचना //

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल की हाउसिंग बोर्ड कालोनी नर्मदापुरम् जिला नर्मदापुरम् में स्थित आवंटित भवन / भूखण्ड एल.आई.जी. ।। ए/11 मण्डल द्वारा श्रीमति सुनीता मालवीय पति स्व. श्री सुनील मालवीय के नाम पर आवंटित है। श्रीमति सुनीता मालवीय पति स्व. श्री सुनील मालवीय की मृत्यु दिनांक 18.09.2025 को हो गई है। मृत्यु के उपरांत उनके सभी वारिसों के द्वारा उनके पुत्र श्री अभिनव मालवीय पिता स्व. श्री सुनील मालवीय के द्वारा आवश्यक दस्तावेज के साथ उक्त भवन / भूखण्ड के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग नर्मदापुरम्

## खबर संक्षेप

### कृषि उपज मंडी में आज से होगी मक्का खरीदी

**हरदा।** कृषि उपज मंडी हरदा में 3 नवंबर सोमवार से कृषि उपज मक्का की खरीदी की जाएगी। सचिव कृषि उपज मंडी हरदा ने किसानों को सूचित किया है कि वे आज सोमवार से अपनी कृषि उपज मक्का विक्रय के लिए ला सकते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि किसान भाई अपनी उपज को साफ सुथरी करके लाएं ताकि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

### युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** सुदामा नगर निवासी शुभम नामदेव (30) की रविवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह तिलक भवन परिसर में टेलरिंग मटेरियल की दुकान चलाता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उसने सल्फॉस की तीन गोलियां खाई थीं। शुभम सुबह नाश्ता कर दुकान गया था। दोपहर करीब 12 बजे दुकान पहुंचने के कुछ देर बाद उसे उल्टियां होने लगीं। दुकान के पास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद उसे शहर के एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि शुभम ने लगभग चार महीने पहले ही किराए पर दुकान लेकर टेलरिंग मटेरियल का व्यवसाय शुरू किया था। शनिवार सुबह उसने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर 'राम-राम' लिखा था। वह दो भाइयों में छोटा था और उसकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। करीब चार साल पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन अभी तक कोई संतान नहीं थी।

### राजस्व मंत्री वर्मा ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की नागरिकों को दी शुभकामनाएं

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर राजस्व मंत्री ने किया ध्वजारोहण, आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने ध्वजारोहण किया। समारोह में अनेक स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि एक नवंबर को मध्यप्रदेश अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1956 को गठित यह राज्य न केवल भारत के हृदय में स्थित है, बल्कि देश के विकास मानचित्र पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की यह 70 वर्षों की यात्रा समर्पण, संकल्प और सतत विकास की सुखद यात्रा रही है। यह दिन हमें हमारे पूर्वजों की मेहनत, उनके जज्बे, जनभागीदारी से विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी एवं हम सभी की आस्था और निष्ठा की याद दिलाता है।

राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि इन वर्षों में प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले ने भी कई क्षेत्रों में प्रगति के नये आयाम स्थापित किये हैं। प्रदेश के साथ ही जिले में विकास, जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों का साक्षी रहा है। प्रशासनिक दक्षता, जनभागीदारी और नवाचार की भावना के साथ जिले ने शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में न केवल जिले के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं, बल्कि सीहोर को प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थान दिला रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं के दल को दस-दस हजार रूपये तथा गीत प्रस्तुति के लिये बालक अगस्त गुप्ता को पांच हजार रूपये पुरस्कार के रूप में देने की घोषणा की।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर ब्लू वर्ल्ड स्कूल द्वारा लोकगीत, सांदीपनि विद्यालय द्वारा लोक नृत्य तथा कन्या परिसर की छात्राओं के दल द्वारा जनजातीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरने वाला समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में संगीतिका संगीत महाविद्यालय के दल द्वारा मध्यप्रदेश गान एवं सेंट ऐन्स स्कूल के छात्र अगस्त गुप्ता द्वारा देशभक्ति एवं एकता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर तथा मंत्रमुग्ध कर दिया।

**लोकतंत्र / स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान :** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने लोकतंत्र / स्वतंत्रता सेनानी के परिजन कस्तूरी बाई तथा सीता बाई का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, खाद्य एवं प्रसंस्करण, उद्यानिकी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, शिक्षा तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत द्वारा स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। विधायक सुदेश राय, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, सीहोर जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना सिंह, डीएफओ अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, एएसपी सुनीता रावत, सन्नी गौरव महाजन आदि मौजूद रहे।

### लंबे समय से पीआईसी और सामान्य सम्मेलन की बैठक नहीं हुई




## सुविधा युक्त बस स्टैंड, स्टेडियम, गांधी चौक का जीर्णोद्धार 3 साल से रुका

**खिरकिया।** अंतर कलह से जूझ रही नगर परिषद खिरकिया में लंबे समय से प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग और सामान्य सम्मेलन बैठक भी लंबे समय से आयोजित नहीं हुई है। पीआईसी के बारे में तो बताया जा रहा है कि पिछली बैठक मार्च 2025 में हुई थी करीब 6 माह से बैठक नहीं हुई है। वही परिषद का सम्मेलन को भी लंबा समय हो चुका है। 15 अगस्त की तैयारी को लेकर एक बैठकअगस्त माह के दूसरे सप्ताह में हुई थी लेकिन उसे बैठक में सिर्फ राष्ट्रीय पर्व मनाने की सहमति पार्षदों और अध्यक्षों के बीच बनी थी शेष सभी प्रस्ताव बिना सहमति के आगे बढ़ा दिए गए थे। परिषद की बैठक और पीआईसी की बैठक समय-समय पर न होने के चलते सड़क नाली पानी जैसे मूल काम पूरी तरीके से थम गए हैं । फंड की कमी से अलग खिरकिया नगर परिषद जूझ रही है । सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम गांधी चौक के जीर्णोद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्य 3 साल से अटके हुए हैं ।

#### परिषद के सभी 15 पार्षदों को लेटर जारी

नगर परिषद सीएमओ ने 29 अक्टूबर को नगर परिषद के सभी 15 पार्षदों को एक लेटर जारी किया है लेटर के माध्यम से बताया गया है कि आगामी दिन में परिषद की बैठक का आयोजन किया जाना है अपने-अपने वार्डों के अति आवश्यक कार्य जो की पूर्व की बैठक में शामिल नहीं किए गए हैं उनके निर्माण कार्यों के प्रस्ताव प्रत्येक वार्ड से दो कम दो दिनों में विभाग शाखा को प्रस्तुत किया जाए ।

#### स्थानीय शासन की मुख्य नीति निर्धारण और कार्यान्वयन इकाई पीआईसी

पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) नगर परिषद की बैठकें कई महत्वपूर्ण कारणों से होनी चाहिए, क्योंकि यह स्थानीय शासन की मुख्य नीति निर्धारण और कार्यान्वयन इकाई है। नीति निर्धारण और निर्णय लेना, विकास कार्यों की समीक्षा बजट और वित्तीय प्रबंधन जवाबदेही और पारदर्शिता सामुदायिक मुद्दों का समाधान , कर्मचारियों से संबंधित निर्णय संक्षेप में, पीआईसी नगर परिषद की बैठकें शहर के प्रशासन, विकास, वित्त और नागरिक कल्याण के लिए आवश्यक कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

#### शहर की बेहतरी के लिए परिषद की बैठक जरूरी

नगर परिषद की बैठकें शहर की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने, विकास की समीक्षा करने और सार्वजनिक नीतियों को बनाने के लिए आवश्यक हैं। इन बैठकों में पार्षद अपने वार्ड की समस्याओं पर चर्चा होती है, सार्वजनिक नीतियों पर निर्णय लिए जाते हैं, बजट पारित होते हैं, और विकास की प्रगति की निगरानी की जाती है, जिससे संबंधित वार्ड का सुचारू संचालन सुनिश्चित होता है। यह पार्षदों को अपने विचार और मुद्दे प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करती है।

#### इनका कहना है...

परिषद की बैठक 15 अगस्त को आयोजित की गई थी परिषद की बैठक और पीआईसी की बैठक इसी सप्ताह में निकालने जा रहे हैं । 15 परिषद की बैठक के लिए एजेंडा निकाला गया है सभी पार्षदों से दो-दो प्रस्ताव अपने-अपने वार्डों के बुलवाए गए हैं । शहर के विकास को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं ।

इंद्रजीत खनूजा अध्यक्ष नगर परिषद खिरकिया

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता संपन्न

# चेस के रैपिड फायर राउंड, 4 राउंड में 68 खिलाड़ियों ने अपनी बुद्धिमता की जबरदस्त जोर आजमाइश की





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता आयोजित कि गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ शास उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य संतोष यादव, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने बच्चो से परिचय कर किया। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में 38 खिलाड़ी एवं ओपन वर्ग में 28 खिलाड़ी उपस्थित रहे। रैपिड फायर राउंड में 4 राउंड में सभी 68 खिलाड़ियों ने अपनी बुद्धिमता को जोर आजमाते हुए अपने अपने मैच खेले। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उप अधीक्षक अरुणा सिंह, रक्षित निरीक्षक रजनी सिंह गुर्जर ने विजेता उपविजेता प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। रक्षित निरीक्षक ने खिलाड़ियों को नशा से दूर रहने और खेलों से हमेशा जुड़े रहने के लिये प्रेरित किया। उन्होने बताया कि हार्ट फूलनेस के माध्यम से 15 साल तक के बच्चे आंखे बंद कर कलर की पहचान, बिना देखे सामने खड़े व्यक्ती की पहचान बता सकते हैं। इस प्रकार की यौगिक क्रिया कर अपने खेल को बेहतर कर सकते हैं। सुश्री खान ने बताया कि 15 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान राजित चौहान, दूसरा स्थान तन्मय रंघुवंशी, तीसरा स्थान ध्रुव मीना, चौथा स्थान शिवांश गौर व पांचवां स्थान विपुल सेजकर ने प्राप्त किया। ओपन वर्ग में प्रथम स्थान यश पचौरी, दूसरा स्थान काजी सद्दाम पठान, तीसरा स्थान नरेंद्र विले, चौथा स्थान मनमोहन कुशवाहा व पंचम स्थान योगेंद्र राजगुरे ने अर्जित किया। ऑर्बिटर रामगोपाल रघुवंशी, विनोद उपाध्याय, मनमोहन कुशवाहा, अनुराग गौर, मनीष प्रजापति, गणेश पटेल ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया।

### राज को प्रदेश सचिव का दायित्व

# श्री परशुराम सेना के युवाओं ने शस्त्र पूजन की



**हरदा।** श्री परशुराम सेना की ओर से एक निजी गार्डन में भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए करीब 200 से अधिक युवाओं ने अपने घरों से लाए भगवान परशुराम के प्रतीक फरसे का वेदमंत्रों के साथ पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुधीर शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण केवल शास्त्रों में नहीं, बल्कि शस्त्रों में भी निपुण रहे हैं। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि ब्राह्मण इस विद्या को फिर से अपनाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर स्वयं और समाज की रक्षा कर सकें। उन्होंने इसे ब्राह्मण समाज द्वारा किया गया संभवतः पहला सामूहिक शस्त्र पूजन बताया। प्रदेशाध्यक्ष अनूप शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मणों को अब अपने मतभेद भुलाकर एक-दूसरे की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने समाज में ब्राह्मणों को लेकर होने वाली गलतफहमियों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नितिन जोशी ने जिला कार्यकारिणी और टिमरनी नगर कार्यकारिणी की घोषणा की। संगठन के सक्रिय सदस्य राज शर्मा को प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा गया।

#### जिला कार्यकारिणी घोषित

इस दौरान जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। अभिषेक काशिव, और भूषण शोले को जिला महामंत्री, शुभम शर्मा, संदीप दुबे, विक्की शर्मा, हेमंत जोशी, पुष्कर शुक्ला, अर्पण मिश्रा, रजत त्यागी, मृदुल जोशी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही आशीष साकल्ले और सुधीर जोशी को जिला मंत्री बनाया गया। इसी दौरान टिमरनी नगर कार्यकारिणी भी घोषित की। जिसमें प्रणय शर्मा को नगर संयोजक, पं. वरुण मिश्रा को नगर अध्यक्ष, सिद्धेश गोदवाले, हिमांशु जोशी को उपाध्यक्ष, वर्धन तिवारी को महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा हिमांशु वैष्णव को मंत्री, वेद प्रकाश दीक्षित, रोहित मिश्रा को कोषाध्यक्ष, विकास शर्मा, चयन बिल्लौरे को सदस्य तथा रोहित मिश्रा को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

# विवाद में जेठ ने महिला पर किया हमला, खेत में काम करते समय हुई मारपीट, तीन बेटियां भी घायल



**सीहोर।** बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के रामाखेड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को एक महिला और उसकी तीन बेटियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घायलों का इलाज बिलकिसगंज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, रामाखेड़ी के कलीबाई मेवाड़ा अपने खेत में लहसुन की खेती के लिए जमीन तैयार कर रही थी। इसी दौरान उनके जेठ नर्मदा प्रसाद मेवाड़ा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उन्होंने अचानक बहू कलीबाई पर लकड़ी और फावड़े से हमला कर दिया। हमले के दौरान कलीबाई की बेटी प्रीति, महक और पलक और पड़ोसी रामेश्वर मेवाड़ा ने बीच-बचाव किया। इसके बावजूद कलीबाई को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी बेटियां भी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल-100 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बिलकिसगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया गया है। कलीबाई ने बताया कि जमीन संबंधी विवाद के कारण उनके जेठ ने हमला किया। उन्होंने कहा कि यदि बेटियां समय पर नहीं आतीं तो वह और अधिक घायल हो सकती थीं।